**क्षेत्रीय** कार्यालय,
उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड
ए–1, प्रथम तल, शॉपिंग काम्प्लेक्स, बीटा–2, ग्रेटर नोएडा

सन्दर्भ संख्या : 1007/ NOC-64/2014 दिनांक : 6/9/14

सेवा में,
मुख्य पर्यावरण अभियन्ता(वृत्त–1),
उ0प्र0 प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड,
लखनऊ।

विषयः नवीन प्रस्तावित ग्रुप हाउसिंग प्रोजेक्ट, प्लाट नं0–जी0एच0–6बी, सेक्टर–1, ग्रेटर नोएडा वेस्ट, जनपद–गौतमबुद्धनगर द्वारा प्रमोटर – मै0 राज हंस इनफाटेक प्रा0लि0 के अनापत्ति प्रमाण पत्र आवेदन के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त सन्दर्भित आवासीय परियोजना का अनापत्ति प्रमाण पत्र आवेदन निवेश मित्र के माध्यम से इस कार्यालय में दिनांक 05.09.2014 को प्राप्त हुआ है जिसकी मूल प्रति बोर्ड मुख्यालय लखनऊ सीधे प्रस्तावक द्वारा भेजे जाने की सूचना प्रेषित की गयी है। आवासीय परियोजना का स्थल ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित क्षेत्र के अन्तर्गत स्थित है तथा आवासीय टाउनशिप परियोजना हेतु सन्दर्भित संस्था को आबंटित किया गया है। इकाई द्वारा स्थल पर 70121.8 वर्ग मीटर एफ0ए0आर0 के टाउनशिप (आवासीय) का विकास किया जाना है। परियोजना से जनित घरेलू जल–मल के रूप में जनित घरेलू उत्प्रवाह के शुद्धिकरण हेतु 380 के0एल0डी0 का एस0टी0पी0 स्थापित किया जाना प्रस्तावित है तत्पश्चात् शुद्धिकृत घरेलू उत्प्रवाह को यथा संभव फ्लशिंग एवं ग्रीन बेल्ट में सिंचाई हेतु प्रयोग किया जाना प्रस्तावित है।

आवासीय परियोजना के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण इस कार्यालय द्वारा दिनांक 06.09.2014 को किया गया। संस्तुति सहित स्थलीय निरीक्षण आख्या संलग्न कर अग्रिम आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित की जा रही है।

भवदीय

(प्रवीण कुमार)
क्षेत्रीय अधिकारी(प्रभारी)

संलग्नक : उपरोक्तानुसार।